वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 6 | शुक्रवार 5 मई 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### मुख्यमंत्री का चित्तौड़गढ़ दौराः महंगाई राहत कैंप एवं प्रशासन गांवों के संग अभियान शिविर का किया अवलोकन

# राज्य सरकार की योजनाओं से हर वर्ग हो रहा लाभान्वितः गहलोत

**गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार महंगाई से परेशान आमजन को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर अधिकतम राहत देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महंगाई राहत कैंप में लाभार्थियों से मिलकर उन्हें मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरित किए।**

**जयपुर. कंचन केसरी**



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आमजन को महंगाई राहत कैंपों द्वारा महंगाई से राहत प्रदान की जा रही है। सभी पात्र लोगों को कैंपों में आकर अपने हक का लाभ लेना चाहिए। गहलोत गुरुवार को चित्तौड़गढ़ की सेमलपुरा ग्राम पंचायत में आयोजित महंगाई राहत कैंप एवं प्रशासन गांवों के संग अभियान शिविर के अवलोकन पश्चात वहां उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार महंगाई से परेशान आमजन को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर अधिकतम राहत देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महंगाई राहत कैंप में लाभार्थियों से मिलकर उन्हें मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरित किए। उन्होंने लाभार्थियों को राज्य सरकार द्वारा जनहित में संचालित योजनाओं के लाभों के बारे में अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं से हर वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। आमजन के हित में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के संचालन में संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। गहलोत ने वर्चुअल माध्यम से अमरा जी भगत अनगढ़ बावजी पैनोरमा भदेसर, मां पन्नाधाय पैनोरमा माताजी की पांडोली, 132 केवी जीएसएस घटियावली, 33/11 केवी जीएसएस ओछड़ी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर, राजकीय कृषि महाविद्यालय बस्सी के नवीन भवन कार्य तथा भीमेश्वर सांवरिया जी पर्यटन विकास कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने सॉखेड़ा बांध, एएनएम नर्सिंग हॉस्टल के नवीन भवन, कार्यालय समादेष्टा गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र चित्तौड़गढ़ तथा पशु चिकित्सालय विजयपुरा का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने उप जिला चिकित्सालय बस्सी, राजकीय महाविद्यालय घोसुंडा तथा राजकीय विधि सहशिक्षा महाविद्यालय का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के निर्णयों से राजस्थान शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। गत चार सालों में राजस्थान में 300 से अधिक नए कॉलेज खोले गए हैं, जिनमें 130 महिला कॉलेज भी शामिल हैं। 500 बालिकाओं के विद्यालय में नामांकन पर कॉलेज खोलने का प्रावधान भी राज्य सरकार द्वारा किया गया है। आज राज्य में 91 विश्वविद्यालय संचालित हैं। प्रदेश में बच्चों को स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए विद्यालयों को क्रमोन्नत किया गया है। उन्होंने कहा कि अनुप्रति योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा 30 हजार विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना के तहत 500 बच्चों को विदेश में पढ़ाई के लिए भेजा जा रहा है। सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से आमजन को राहत मिली है। इस अवसर पर राजस्थान धरोहर प्राधिकरण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जाड़ावत सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## 1.35 करोड़ महिलाओं को मिलेंगे इंटरनेट डेटा युक्त निःशुल्क स्मार्ट फोन



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चरणबद्ध रूप से 1.35 करोड़ महिलाओं को 3 साल की इंटरनेट सुविधा युक्त स्मार्ट फोन निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। पहले चरण में इस वर्ष रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश में 40 लाख महिलाओं को स्मार्टफोन वितरित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के इस निर्णय से प्रदेश में महिला सशक्तिकरण को बल मिलेगा। गहलोत ने कहा कि ''मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना'' के तहत प्रदेश में आमजन को 25 लाख रुपए तक का निःशुल्क उपचार मिल रहा है। अंग प्रत्यारोपण जैसे महंगे उपचार भी इस योजना के तहत निःशुल्क किए जा रहे हैं। इससे लोगों को महंगे इलाज की चिंता से मुक्ति मिली है। उन्होंने कहा कि इस योजना की पूरे देश में चर्चा हो रही है। राज्य सरकार के निर्णयों से राजस्थान स्वास्थ्य के क्षेत्र में मॉडल स्टेट बनकर उभरा है।

# अमर कंटक यात्रा सानंद सम्पन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन महासमिति सांगानेर संभाग एवं प्रतापनगर सेक्टर-3 की इकाई के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 24.04.2023 को प्रातः 6'30 बजे श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर प्रतापनगर सेक्टर-3 से यात्रियों का माला, तिलक एवं दुपट्टा द्वारा भव्य स्वागत के साथ में धार्मिक यात्रा शुभारंभ हुई। सांगानेर संभाग के अध्यक्ष कैलाश चन्द मलैया ने बताया कि इस यात्रा में निम्नलिखित विशेषताएें रही :-

1. यात्रियों द्वारा प्रतिदिन अभिषेक, पूजा एवं बाद में क्षेत्रों की सम्पूर्ण वंदना करना।
2. प्रतिदिन दो क्षेत्रों की आवश्यक रूप से वंदना करना।
3. मुकेश कुमार जैन जी पराना वालों द्वारा चलती बस में प्रतिदिन सांय आरती एवं भजनों की प्रस्तुति होना।
4. चलती हुई बस में ही पं. कैलाश चन्द जैन 'मलैया' द्वारा छहढाला की तीसरी ढाल पर मार्मिक प्रवचन सुनने का लाभ प्राप्त होना।
5. प्रतिदिन दो यात्रियों द्वारा स्वेच्छा से अल्पाहार एवं पेय पदार्थों का लाभ प्राप्त होना।
6. प्रतिदिन लगभग 500 से 700 कि.मी. की यात्रा करना।
7. लगभग 6 घंटे से लेकर 12 घंटों तक निरन्तर यात्रा करना।
8. प्रतिदिन धार्मिक अंत्याक्षरी, हाऊ जी, प्रश्नोत्तरी एवं भक्ति का आयोजन होना एवं श्रेष्ठतम को यात्रियों द्वारा सम्मानित करना।




9. 14 पुरूष यात्री एवं 30 महिला यात्री कुल 44 यात्री होना।
10. 98 प्रतिशत यात्री 60 वर्ष से अधिक आयु के होना।
11. सबसे बड़ा चमत्कार प्रकृति का रहा कि जब जब वंदना शुरू की तो प्रकृति ने बहुत ही साथ दिया और ज्यों ही यात्रा प्रारंभ हुई वर्षा का लाभ प्राप्त हुआ।
12. 10 दिवसों में कुल 23 धार्मिक क्षेत्रों की वंदना और रास्ते में समय मिलने पर 4 पिकनिक स्थलों का लाभ प्राप्त होना। इस प्रकार कुल 27 स्थलों का यात्रियों ने लाभ उठाया।
13. इस दस दिवसीय यात्रा में किसी को भी शारीरिक एवं मानसिक रूप से कोई भी परेशानी नहीं उठानी पड़ी।
14. अष्टमी के दिन सभी यात्रियों ने हरी का त्याग रखा एवं एक बार ही भोजन लिया। 15. बाकी शेष समय पर सभी यात्रीगण स्वयं ही मौन व्रत को धारण कर लेते थे।

इस प्रकार यह यात्रा आज दिनांक 04.05.2023 को प्रातः 6:00 बजे श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सेक्टर-3 में आकर सानंद सम्पन्न हुई। इस यात्रा के व्यवस्थापक श्री सुरेन्द्र कुमार झांझरी अध्यक्ष प्रताप नगर सेक्टर-3 इकाई अध्यक्ष एवं श्री अशोक कुमार जैन पाटनी पंवालिया रहे। सम्पूर्ण यात्रा का निर्देशन कैलाश चन्द मलैया ने किया।

# चार माह में 11 जैन मंदिरों में हुई चोरी, जैन समाज में आक्रोश व्याप्त

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

शहर के जैन मंदिर सुरक्षित नहीं है। पिछले साल से लगातार हो रही चोरियों की घटनाएं थमने का नाम ही नहीं ले रही थी कि मंगलवार को एक और जैन मंदिर में फिर से चोरी हो गई। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि इस साल जनवरी से अब तक लगभग 11 जैन मंदिरों में चोरी की घटनाएं हो चुकी है। इससे जैन समाज में भयंकर रोष व्याप्त है। उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से इस ओर विशेष ध्यान देने तथा जैन मंदिरों के आसपास विशेष सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि चोरियों का सिलसिला नहीं रुका तथा पूर्व में हुई चोरिया बरामद नहीं हुई तथा



अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा नहीं दिलाई तो राजस्थान जैन युवा महासभा समाज बन्धुओं के साथ अहिंसात्मक आंदोलन करने पर मजबूर होगी। अभी हाल ही में पारस विहार स्थित चिंतामणी पाश्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, मुहाना मंडी, मोहनपुरा में मंगलवार को प्रातः माली मंदिर खोलने आया तब उसे पता चला कि मंदिर में चोरी हो गई है। तब उसने कमेटी को फोन करके बुलाया। उपाध्यक्ष धमेन्द्र गोदीका ने बताया कि चैनल गेट के ताले तोड़ने के बाद जब मेन गेट नहीं खोल पाये तो चोर रसोई की छत से मंदिर जी की छत पर चढ़कर छत का गेट खोलकर नीचे आकर एक चौबीसी, एक अजित नाथ, एक धर्मनाथ भगवान की 13इंच् की प्रतिमा तथा दो आदिनाथ एक पदम प्रभू की 5इंच की मूतिया को चुराकर तथा दान पात्र को तोड़ कर लगभग 10/12 हजार नगद रुपए ले गये। मुहाना मंडी पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। प्रतीक गोदीका ने बताया कि थाना अधिकारियों ने मोके पर आकर मुआयना किया, तथा आश्वासन दिया कि जल्द ही चोर पकड़ लिए जाएंगे।



## सासंद राम चरण बोहरा ने किया आमंत्रण पत्र का विमोचन, नई कार्यकारिणी का होगा शपथ-ग्रहण

# जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर का हम साथ-साथ हैं कार्यक्रम 7 मई रविवार को

**संस्थापक अध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि होटल हाईवा हेवन रिसोर्ट में होने वाले इस विशाल आयोजन की आमंत्रण पत्रिका का विमोचन गुरुवार,04 मई को जयपुर शहर सासंद राम चरण बोहरा ने अपने निवास पर आयोजित एक सादा समारोह में किया। इस मौके पर ग्रुप संस्थापक अध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा, अध्यक्ष चेतन जैन निमोडिया, निवर्तमान अध्यक्ष कमल वैद, पूर्व अध्यक्ष मनीष बैद,दीपक गोधा, कोषाध्यक्ष अरुण जैन एवं कार्यकारिणी सदस्य मुकेश पाटनी सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।**

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

विश्व की सबसे बड़ी दम्पत्ति सदस्यों की संस्था जैन सोश्यल ग्रुप्स इन्टरनेशनल फेडरेशन मुम्बई की 196 वीं शाखा जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर के तत्वावधान में रविवार,07 मई को हम साथ साथ हैं स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर सत्र 2023-25 के लिए निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथग्रहण होगा।संस्थापक अध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि होटल हाईवा हेवन रिसोर्ट में होने वाले इस विशाल आयोजन की आमंत्रण पत्रिका का विमोचन गुरुवार,04 मई को जयपुर शहर सासंद राम चरण बोहरा ने अपने निवास पर आयोजित एक सादा समारोह में किया। इस मौके पर ग्रुप संस्थापक अध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा, अध्यक्ष चेतन जैन निमोडिया, निवर्तमान अध्यक्ष कमल वैद, पूर्व अध्यक्ष मनीष बैद,दीपक गोधा, कोषाध्यक्ष अरुण जैन एवं कार्यकारिणी सदस्य मुकेश पाटनी सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। बोहरा ने नई टीम एवं आयोजन हेतु अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए ग्रुप द्वारा मूक पक्षियों हेतु चलाये गये आओ बने पंछियों का सहारा अभियान की प्रशंसा की। तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के साथ मानव एवं समाज सेवा के कार्यों को लगातार करने का संकल्प दिलाया। ग्रुप अध्यक्ष चेतन जैन निमोडिया ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र जग्गा की बावड़ी में भगवान पार्श्वनाथ के सामूहिक दर्शन एवं महाआरती के बाद दोपहर 1.00 बजे से हाईवा हेवन रिसोर्ट में स्वागत रजिस्ट्रेशन से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा।इस मौके पर दम्पत्ति सदस्यों एवं परिवार जनों के लिए एडवेंचर्स,इन्डोर गेम्स, रेन डांस,पूल मस्ती के बाद सायंकाल 4.00 बजे स्विमिंग पूल से गाजों बाजों एवं लवाजमा के साथ नाचते गाते नव निर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को सभागार तक ले जाया जाएगा। जहां नवीन कार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह किया जाएगा। सचिव आशीष जैन ने बताया कि समारोह में जहा रमेश ठोलिया समारोह गौरव, नरेन्द्र जैन निखार मुख्य अतिथि, मनोज सोगानी समारोह अध्यक्ष, नरेश मेहता दीप प्रज्ज्वलन कर्ता होंगे। वहीं प्रेम जैन बयाना वाले, राजीव जैन लाखना विशिष्ट अतिथि एवं सासंद राम चरण बोहरा,उप महापौर पुनीत कर्णावट, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष संजय जैन गौरवमयी अतिथि होंगे। निवर्तमान अध्यक्ष कमल वैद, पूर्व अध्यक्ष मनीष बैद एवं दीपक गोधा ने बताया कि सम्माननीय अतिथि के रूप में जेएसजीआईएफ नार्दन रीजन चेयरमैन महेन्द्र सिंघवी, फैडरेशन सचिव महेन्द्र गिरधरवाल, फैडरेशन पूर्व अध्यक्ष राकेश जैन,कमल सचेती एवं नार्दन रीजन सचिव सिद्धार्थ जैन शामिल होगे। संस्थापक अध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि कार्यक्रम के लिए सुनील -रमा पाटनी, अरुण -रेणू जैन को संयोजक तथा प्रदीप -रानू जैन,पंकज -नेहा जैन को सहसंयोजक बनाया गया है। समारोह के दौरान 24 घंटे लगातार बोलकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले मोटिवेशनल स्पीकर सौरभ जैन एवं राजस्थान हास्पिटल एवं स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक के माध्यम से सेवा करने वाले एस एस अग्रवाल का ग्रुप की ओर से विशेष सम्मान किया जाएगा। पुरस्कार वितरण के साथ समारोह का समापन होगा। कार्यक्रम की तैयारिया जोर शोर से चल रही है।इस मौके पर समाज के गणमान्य श्रेष्ठीजनों सहित बड़ी संख्या में ग्रुप दम्पत्ति सदस्य उपस्थित रहेंगे।



## वेद ज्ञान

### शक्ति सोच की...

हम जो मन्नत मांगते हैं, उसके पूरा होने का कार्य हमारा संकल्प करता है। मन्नत का पूरा होना हमारी दृढ़ता का परिणाम होता है। सोच में बहुत बड़ी ताकत होती है, चाहे वह अच्छी सोच हो या अशुभ चिंतन। हमारी सफलताएं हमारे दृढ संकल्प का परिणाम होती हैं, जिसके लिए हमारी निरंतर सोच और लक्ष्य का विचार बहुत बड़ी भूमिका निभाता है। आप एक सोच को निरंतर बुनते रहते हैं, तो वह ब्रह्मांड में एक डिजाइन बनाने लगता है, बनते-बनते वह एक दिन वास्तविकता बन जाता है और यह आपका अपना सृजन होता है। जितनी उत्कृष्टता से आप अपनी इच्छा का सिंचन करते हैं उतनी जल्दी, वह वास्तविकता में परिवर्तित होता है। कभी-कभी तो आप बार-बार अपने लक्ष्य के बारे में सोच-सोचकर अपनी परियोजना के नए-नए स्वरूप के बारे में भी चिंतन करने लगते हैं और एक दिन आपको लगता है कि आपका प्रोजेक्ट आपकी सोच से भी बेहतर होकर उभर आया है। यह एक वास्तविकता है। यदि आपकी इच्छाएं पूरी नहीं होतीं, तो यह आपकी मानसिक शक्ति की शिथिलता के कारण होता है। आप स्वयं पर विश्वास नहीं करते,संदेह करते रहते हैं। आपको पता होना चाहिए कि बात बनाने के लिए निकले हैं, तब बात तो बननी ही है और बात न बनने का कारण कहीं आप स्वयं होते हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि आपके मन की अस्थिरता आपके डिजाइन को बिगाड़ देती है, तोड़ देती है और उसमें बार-बार बस कोशिश ही होती रहती है, कभी फलीभूत नहीं होती। एक ही पवित्र स्थान पर जाकर कई लोग मन्नत मानते हैं। बहुत लोगों से आप सुनते हैं यहां आकर जिसने भी श्रद्धा से मन्नत मांगी, वह पूरी होती है,पर कुछ लोग बताते तो नहीं हैं कि उनकी इच्छा पूरी नहीं हुई बस प्रतीक्षा करते रहते हैं। उनके विश्वास का अभाव उनकी असफलता का कारण होता है। किसी विशिष्ट स्थान पर अच्छी भावना लेकर लोग एकत्र होते हैं, तो एक सकारात्मक वातावरण बनता है, जिसका अपना महत्व होता है, किंतु प्रकारांतर से यह भी अच्छे सोच की शक्ति ही होती है, जो सब मानने वालों को मजबूती देती है और यही मजबूती आपके छोटे से प्रयास को भी फलीभूत कर देती है। अनेक रोग हमारी सोच के परिणाम होते हैं। मनोविज्ञान का यह एक प्रामाणिक तथ्य है।

## संपादकीय

### विशेष शक्तियों का उपयोग कर सकती है सुप्रीम कोर्ट

शीर्ष अदालत ने कहा कि पति-पत्नी के बीच आई दरार को पाटना संभव नहीं हो पा रहा है तो ऐसी शादी को आपसी सहमति के आधार पर छह महीने से पहले भी खत्म किया जा सकता है। भारतीय समाज में विवाह एक सामाजिक परंपरा है, लेकिन यह इस संबंध में बने कानून के दायरे में भी है। अगर किन्हीं कारणों से पति और पत्नी के बीच दरार आ जाती है और सुलह नहीं हो पाती तथा संबंध आखिर अलगाव के रास्ते की ओर बढ़ जाता है, तो इसके लिए एक कानूनी प्रक्रिया रही है। उसमें अंतिम फैसले तक पहुंचने से पहले खास अंतराल भी तय किया गया है। मगर इस मसले पर जिस तरह की नई परिस्थितियां बन रही हैं और जैसी जटिलताएं उभर रही हैं, उसके मुताबिक इस संबंध में नई व्यवस्था की जरूरत महसूस की जा रही थी। यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट की एक पांच सदस्यीय पीठ ने अब विवाह विच्छेद या तलाक को लेकर यह व्यवस्था दी है कि वह हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13-बी के मुताबिक आपसी सहमति से तलाक लेने के लिए निर्धारित छह से आठ महीने की प्रतीक्षा अवधि को समाप्त करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत विशेष शक्तियों का उपयोग कर सकती है। जाहिर है, अब अगर पति और पत्नी के आपसी रिश्तों में किसी भी वजह से आ गई दरार को खत्म कर पाना मुमकिन नहीं हो पा रहा है, तो उसके हल के रूप में तलाक लेने के लिए पहले की तरह कम से कम छह महीने तक इंतजार करने की जरूरत नहीं रह जाएगी। शीर्ष अदालत ने इस बिंदु पर कहा कि पति-पत्नी के बीच आई दरार को पाटना संभव नहीं हो पा रहा है तो ऐसी शादी को आपसी सहमति के आधार पर छह महीने से पहले भी खत्म किया जा सकता है। दरअसल, हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13-बी के मुताबिक अभी तक जो व्यवस्था रही है, उसमें आपसी सहमति से तलाक की मांग करने वाला प्रस्ताव दाखिल करने के बाद पक्षकारों को दूसरा प्रस्ताव पेश करने से पहले कम से कम छह महीने और अधिकतम अठारह महीने तक इंतजार करना पड़ता था। इसका उद्देश्य यह था कि तलाक के लिए अर्जी देने वाले दोनों पक्षों को अपने फैसले पर आत्मनिरीक्षण करने के निर्णय पर फिर से विचार करने का अवसर मिल सके। ऐसे मामले भी हैं, जिनमें आपसी विवाद तात्कालिक तौर पर तो अलगाव की स्थिति पैदा करता है, लेकिन थोड़ा वक्त बीतने के साथ दोनों पक्षों के भीतर थोड़ी नरमी आती है और कभी अलग होने का फैसला बदल भी सकता है। ऐसी स्थिति में कानूनन पति और पत्नी के नए रुख के आधार पर ही अदालत का फैसला आता है। कई मामलों में तलाक का प्रस्ताव अदालत में पेश किए जाने के बाद कानूनी तौर पर निर्धारित प्रतीक्षा की अवधि कठिनाई बनती देखी गई। अब सुप्रीम कोर्ट के नए फैसले के बाद इस मसले की जटिलता थोड़ी आसान हुई है। यह छिपा नहीं है कि वक्त के साथ लोगों के सोचने-समझने और खुद को बरतने का तौर-तरीका बदला है।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

### जेल में जंग...

जेलों में जंग की स्थिति बनने का कारण जेल प्रशासन की लापरवाही के साथ-साथ उन पर कैदियों का बोझ कम करने के मामले में शिथिलता भी है। कुख्यात अपराधियों को आमतौर पर जेलों की सुरक्षित मानी जानी वाली कोठरियों में रखा और उन पर लगातार नजर रखी जाती है, ताकि वे जेल के अंदर किसी तरह की आपराधिक गतिविधियों को अंजाम न देने पाएं, उनके दुश्मन उन पर हमला न कर दें। मगर पिछले कुछ समय से ऐसा लगता है कि देश की सबसे सुरक्षित और चाकचौबंद मानी जाने वाली तिहाड़ जेल में इस तकाजे को भुला दिया गया है। वरना पिछले उन्नीस दिनों में दो हत्याएं न हो जातीं। पिछले महीने एक खूंखार अपराधी की उसके दुश्मन गिरोह के बदमाशों ने धारदार लोहे से हत्या कर दी। अब टिल्लू ताजपुरिया नाम के बदमाश को उसके दुश्मन गिरोह के बदमाशों ने लोहे की सरिया घोंप कर मार डाला। ये बदमाश एक ही जेल में बंद थे। कुख्यात अपराधियों को आमतौर पर जेलों की सुरक्षित मानी जानी वाली कोठरियों में रखा और उन पर लगातार नजर रखी जाती है, ताकि वे जेल के अंदर किसी तरह की आपराधिक गतिविधियों को अंजाम न देने पाएं, उनके दुश्मन उन पर हमला न कर दें। मगर पिछले कुछ समय से ऐसा लगता है कि देश की सबसे सुरक्षित और चाकचौबंद मानी जाने वाली तिहाड़ जेल में इस तकाजे को भुला दिया गया है। वरना पिछले उन्नीस दिनों में दो हत्याएं न हो जातीं। पिछले महीने एक खूंखार अपराधी की उसके दुश्मन गिरोह के बदमाशों ने धारदार लोहे से हत्या कर दी। अब टिल्लू ताजपुरिया नाम के बदमाश को उसके दुश्मन गिरोह के बदमाशों ने लोहे की सरिया घोंप कर मार डाला। ये बदमाश एक ही जेल में बंद थे। जेलों में कैदियों को उपलब्ध कराए जाने वाले सामान को लेकर खासे कड़े नियम-कायदे हैं। उन्हें ऐसे कपड़े तक उपलब्ध नहीं कराए जाते, जिनका इस्तेमाल वे किसी को मारने में कर सकते हैं। उनसे मिलने जाने वालों की कड़ी जांच की जाती है। बंद कमरों में कांच की खिड़की से देखने और फोन पर बातचीत करने दिया जाता है। जहां उन्हें रखा जाता है, वहां विशेष सावधानी रखी जाती है कि ऐसी कोई वस्तु न हो, जिसका वे हथियार के रूप में इस्तेमाल कर सकें। फिर सवाल है कि कैसे उन्नीस दिन पहले धारदार इस्पात से एक बदमाश को मार डाला गया और अब लोहे की सरिया कैसे उपलब्ध हो गई, जिससे टिल्लू को मार डाला गया। फिर दो दुश्मन गुटों के बदमाशों को अलग जेलों में रखने पर विचार क्यों नहीं किया गया। जेल प्रशासन अपने बचाव में कई तर्क दे सकता है, मगर सुरक्षा में हुई इस चूक से एक बार फिर उसकी किरकिरी हुई है। जेलों में मोबाइल फोन पहुंच जाने और बदमाशों के वहीं से संगठित अपराध संचालित करने के भी कई उदाहरण हैं। जबकि आजकल जगह-जगह कैमरे लगे होते हैं और कैदियों पर कड़ी नजर रखी जाती है। जेलों का मकसद कैदियों को सुधारना होता है, मगर जेल प्रशासन के उदासीन रवैए के चलते यह मकसद कहीं हाशिये पर चला जाता है फिर कैदियों पर उचित निगरानी न रखी जा पाने की एक वजह यह भी है कि जेलों में क्षमता से बहुत अधिक कैदियों को रखा जाता है। संख्या अधिक होने के चलते विरोधी गुटों के खूंखार अपराधियों को अलग-अलग जेलों के बजाय एक ही जेल में अलग कोठरियों में रखना पड़ता है। ताजा घटना में भी यही हुआ।




# जैन मुनि ब्रह्मानंद सागर शिक्षण एवं संस्कार शिविर संपन्न

## 5 मई को आध्यात्मिक भजन संध्या का होगा आयोजन



**सौरभ जैन. शाबाश इंडिया**

पिड़ावा। सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में नौ दिवसीय ब्रह्मानंद सागर शिक्षण एवं संस्कार शिविर श्री पारसनाथ दिगंबर जैन जूना मंदिर नवीन जिनालय में गुरुवार को आनंद और उत्साह, लगन, रूचि के साथ संपन्न हुआ। समाज प्रवक्ता मुकेश जैन चेलावत ने बताया कि आचार्य 108 सुव्रत सागर महाराज व क्षुल्लक 105 नैगम सागर महाराज के पावन सानिध्य व बाल ब्रह्मचारी संजय भैया पठारी के कुशल नेतृत्व में 6 वर्षों बाद शिविर का आयोजन किया गया। इस शिक्षण एवं संस्कार शिविर में आत्म कल्याणर्थ, ज्ञानार्जक एवं पुण्य वर्धक शिविर में 350 बच्चे व 400 श्राविकाओं व 100 श्रावक ने शिक्षण प्राप्त किया व परीक्षा दी गई। जिसमें आत्म कल्याण में सहयोगी जिनेंद्र भगवान की वाणी का रसास्वादन कराने हेतु ब्रम्हानंद सागर शिक्षण एवं संस्कार शिविर के अंतर्गत गागर में सागर के समान अथाह ज्ञान को समाये हुवे ग्रंथ राज श्री छहढ़ाला एवं तत्वार्थ सूत्र का अध्ययन बहुत ही सरल रूप से बाल ब्रह्मचारी संजय भैया पठारी द्वारा कराया गया। शिविर में छोटे भैया बहनों को जिनागम प्रवेश का ज्ञान पंडित राजकुमार जैन, कुलदीप जैन, जीवेश शास्त्री, प्रांजल शास्त्री, ब्रह्मचारी पीयूष जैन, चेतन जैन, राजूल जैन, निहारिका जैन, अनुभूति जैन, शुभम जैन, चिन्मय शास्त्री, विवेक शास्त्री द्वारा 9 दिन तक सुबह शाम अध्ययन करवाया गया। अंत में उनकी परीक्षा ली गई। रात्रि में शिविर के समापन के अवसर पर सकल जैन समाज ने संजय भैया पठारी से निवेदन किया जिस प्रकार आपने कठिन परिश्रम से यह ऐतिहासिक आध्यात्मिक व धार्मिक शिक्षण शिविर लगाकर पिड़ावा के भव्य जीवों का उद्धार किया है इस प्रकार प्रतिवर्ष शिक्षण शिविर लगाकर भव्य जीवो का मोक्ष मार्ग प्रशस्त हो सके। वही प्रज्ञा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा धार्मिक नगरी पिड़ावा में सकल दिगंबर जैन समाज व श्री वीतराग विज्ञान पाठशाला एवं जैन युवा फेडरेशन मुमुक्षु मंडल के द्वारा 5 मई से 7 मई तक स्वाध्याय भवन में समयसार, प्रवचन सार, तत्वार्थ सूत्र, मंडल विधान एवं 5 मई को आध्यात्मिक भजन संध्या का कार्यक्रम जिसमें पंडित संजीव जैन उस्मानपुर दिल्ली द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इस धार्मिक विधान में पं.पीयुष जैन, पं. विक्रांत शास्त्री, पं.अकुर शास्त्री, पं.अंकित शास्त्री, पं.जिनेंद्र शास्त्री, पं.निकलंक शास्त्री समस्त स्थानीय विद्वान व शास्त्री वर्ग द्वारा मां जिनवाणी का रसास्वादन करवाएंगे। यह धार्मिक अनुष्ठान धनसिह जैन, राजेन्द्र बना, विवेक शास्त्री के द्वारा प्रज्ञा जैन की स्मृति में किया जा रहा है।

# जेएसजी नॉर्थ द्वारा रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्त एकत्र



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जेएसजी नार्थ के तत्वावधान मे 18वा रक्तदान शिविर दिनांक 4 मई गुरुवार को प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक रिको इंड. एरिया, मानसरोवर में लगाया गया। मानव सेवार्थ विशाल रक्तदान शिविर के मुख्य समन्वयक सुनील सोगानी ने बताया कि अभय अंजना गंगवाल (पूर्व अध्यक्ष)के अथक प्रयासों एवम सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें 51 रक्तदाता ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में ग्रुप अध्यक्ष राहुल जैन, संस्थापक अध्यक्ष मनीष झंझरी, सचिव राजेंद्र जैन, प्रमोद पाटनी, सुकेश काला, अजय जैन विशूतोष चांदवड, संजय गोधा, महिंद्र जैन, विवेक सेठी, मनीष बिलाला, अरुण बिलाला, अंकुर जैन, अंजना गंगवाल, मुनिया सोगानी, नीति चांदवड, रेखा जैन सुनीता पाटनी, मणि बिलाला एवं कई अन्य सदस्य उपस्थित थे ।







# जयपुर के युवा कलाकार अजय जैन दिखेंगे फिल्म अफवाह एवं वेब सीरीज सास बहू और फ्लेमिंगो में

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

यदि आपने खुली आँखों से सपना देखा है और उसे पूरा करने के लिए दिलोजान से मेहनत की है तो दुनिया की कोई ताकत उसे पूरा करने से नहीं रोक सकती। ये कहना है जयपुर के युवा कलाकार अजय जैन का। अजय जैन को आप फिल्म अफवाह में देख सकते है जो कि इस शुक्रवार रिलीज हुई है। इस फिल्म का निर्देशन किया है फिल्म इंडस्ट्री के जाने माने निर्देशक सुधीर मिश्रा ने। जैन ने बताया कि इस फिल्म में उन्होंने एक ढाबा मालिक का किरदार निभाया है साथ ही फिल्म अफवाह में नवाजुद्दीन सिद्दीकी, शारिब हाशमी, भूमि पेडनेकर के साथ काम करने का उनका अनुभव बहुत ही अच्छा रहा। इसके अतिरिक्त अजय जैन ने बताया की इस शुक्रवार ही हॉट स्टार पर रिलीज होने वाली वेब सीरीज होमी हड़जानिया निर्देशित सास बहू और फ्लेमिंगो भी आ रही है जिसमे फिल्म इंडस्ट्री के जानेमाने कलाकार नसीरुद्दीन शाह, डिम्पल कपाड़िया, दीपक डोबरियाल जैसे कलाकारों के साथ अभिनय करने का मौका मिला और इन सभी से बहुत कुछ सीखने को मिला। इस सीरीज में जैन ने नसीरुद्दीन शाह के पी.ए. का किरदार निभाया है, जैन बहुत जल्द आने वाली वेब सीरीज पाताल लोक सीजन-2 में जयदीप अहलावत के साथ और बाबा ब्लेकशिप में चंद्रचूड़ सिंह रॉय के साथ अभिनय करते नजर आएंगे। जयपुर के अजय जैन पिछले 23 वर्षों से जयपुर thatre पर अभिनेता व निर्देशक के रूप में निरन्तर कार्य कर रहे है। साथ ही इन्होंने अब तक आमिर खान के साथ विज्ञापन इनक्रेडिबल इंडिया, सोनी टीवी पर क्राइम पेट्रोल, लाइफ ओके पर सावधान इंडिया, एन्ड टीवी पर घर एक मंदिर, जिंग टीवी पर प्यार तूने क्या किया जैसे धारावाहिकों में भी अपने अभिनय की छाप छोड़ी है। अजय जैन ने ना केवल रंगमंच या फिल्म इंडस्ट्री में ही काम किया है, ये जयपुर जैन समाज के युवा कलाकारों के उत्थान के लिए अभिनय और कला के क्षेत्र में काम करते आ रहे है।



## विकास पोद्दार गोल्ड अवार्ड से सम्मानित

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

प्रसिद्ध फुटवियर ब्रांड कार्बन के निदेशक विकास पोद्दार को नान लेदर सेक्टर के एमएसएमई क्षेत्र में निर्यात श्री अवार्ड का गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया। विकास पोद्दार को यह अवार्ड फैडरेशन आफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाईजेशन की ओर से दिल्ली स्थित होटल ली मैरेडियन में हुए एक समारोह में केन्द्रीय उद्योग व वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने दिया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी तीन बार भारत सरकार की ओर से उन्हे निर्यात क्षेत्र में अवार्ड दिया गया है।

## आचार्य रत्नाकर सूरीश्वर जी का श्रीमहावीरजी में मंगल प्रवेश

### टीले वाले बाबा के किए दर्शन



**चंद्रेश कुमार जैन. शाबाश इंडिया।**

श्रीमहावीरजी। श्वेताम्बर जैन आचार्य मरूधररत्न श्री रत्नाकर सूरीश्वर जी महाराज साहब का आज सुबह 7 बजे श्रीमहावीरजी में मंगल प्रवेश हुआ। समाज के लोगों ने बैंड-बाजे के साथ आचार्य श्री व उनके साथ कई साधु-साध्वियों का मंगल प्रवेश मुख्य बाजार से होकर पल्लीवाल धर्मशाला में कराया। आचार्य श्री व सभी साधु-साध्वियों ने यहाँ श्वेताम्बर जैन मंदिर एवं बडे मंदिर में भगवान महावीर के दर्शन किये। इस क्षेत्र में पहली बार आये आचार्य रत्नाकर सूरीश्वर जी महाराज के दर्शन वंदन करने जयपुर, हिण्डौन, गंगापुर, श्रीमहावीरजी सहित कई जगहों से सैंकडों श्रावक-श्राविकाऐं उपस्थित रहे। आचार्य श्री भरतपुर जिले के सिरस तीर्थ में प्रतिष्ठा सम्पन्न कराकर हिण्डौन से विहार करते हुए महावीरजी आये। यहां से गंगापुरसिटी की ओर विहार रहेगा।

## विश्व हास्य दिवस 7 मई को सेन्ट्रल पार्क में

### राज्यभर के हंसोड़ एकत्रित होंगे

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

विश्व हास्य दिवस के अवसर पर 'हास्यम' क्लब की ओर से हंसोड़ कार्यक्रम 7 मई को सुबह 6 बजे सेन्ट्रल पार्क में आयोजित होगा। इस आयोजन में राज्यभर के हंसोड़ सेन्ट्रल पार्क में इकट्ठे होंगे। 'हास्यम' के अध्यक्ष सी.एम. शारदा ने बताया कि इस अवसर पर राज्य के सर्वश्रेष्ठ हंसोड़ हँसी के अनेको प्रकार के रंग बिखरेंगे। विश्व हास्य दिवस का आयोजन देश का पहला हास्य क्लब 'हास्यम' वर्ष 1970 से प्रतिवर्ष आयोजित करता आ रहा है। इस अवसर पर हास्य सम्राट आरडी बाहेती, योगाचार्य हरीसिंह सोलंकी, लाफ्टर गुरू डॉ. बी.एसदवे एवं लाफ्टर थेरेपिस्ट डॉ. पूजा शर्मा हँसी का स्वास्थ्य पर पड़ने वाले वैज्ञानिक व सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डालेंगे।

# कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने जनसेवा कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मनाया मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जन्मदिन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिन के उपलक्ष में आज वैशाली नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित जन सेवा शिविर में मंत्री लालचंद कटारिया कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे और स्वयं राहगीरों एवं आमजन को शीतल जल, छाछ एवं फलों का वितरण कर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जन्मदिन मनाया। वैशाली नगर कांग्रेस मंडल अध्यक्ष मोहित जैन ने बताया कि इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य रेखा कटारिया एवं अशोक शर्मा सहित ब्लॉक कांग्रेस वैशाली नगर अध्यक्ष जितेंद्र कायथवाल भी मौजूद रहे। वैशाली नगर राजकीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर आयोजित जन सेवा शिविर में सैकड़ों की तादाद में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे एवं आमजन एवं राहगीरों की लंबी लाइन लगी हुई थी। इस मौके पर मंत्री कटारिया ने वैशाली नगर राजकीय डिस्पेंसरी का भी निरीक्षण किया। वैशाली नगर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ महेश असवाल ने मंत्री कटारिया को अवगत कराया कि इस स्वास्थ्य केंद्र को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा उच्च स्तरीय गुणवत्तापूर्ण सेवा देने के लिए नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड एन्क्वास प्रमाण पत्र दिया गया है।


सखी गुलाबी नगरी

Happy Anniversary



5 मई

श्रीमति अमिता-रवी वैद

को वैवाहिक वर्षगांठ की

हार्दिक बधाई

सारिका जैन: अध्यक्ष स्वाति जैन: सचिव



सखी गुलाबी नगरी

Happy Anniversary



5 मई

श्रीमति बीना-नीरज गोदिका

को वैवाहिक वर्षगांठ की

हार्दिक बधाई

सारिका जैन: अध्यक्ष स्वाति जैन: सचिव

## टेक्नोग्लोब के 36 वें सेंटर का निवारू रोड पर उद्घाटन



जयपुर. शाबाश इंडिया। राजस्थान की अग्रणी आईटी ट्रेनिंग कंपनी टेक्नोग्लोब ने शुक्रवार निवारू रोड पर अपने 36 वें सेंटर का उद्घाटन किया। यह उद्घाटन मुख्य अतिथि रीको के निदेशक सीताराम अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर टेक्नोग्लोब कंपनी के डायरेक्टर डॉक्टर शिराज खान और अन्य टीम मेंबर अफशा खान, डॉ. चैरी जैन और मोहम्मद यूसुफ भी मौजूद रहे। कंपनी की जनरल मैनेजर डॉ. चैरी जैन ने बताया कि इस सेंटर के माध्यम से झोटवाड़ा क्षेत्र के विद्यार्थियों को स्किल डेवलपमेंट के कोर्सेज करवा कर रोजगार दिलाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रहे रीको के निदेशक व कांग्रेसी नेता सीताराम अग्रवाल ने कहा कि इस क्षेत्र में इस तरह के सेंटर की बहुत ज्यादा जरूरत थी और इस सेंटर के खुल जाने से यहां के विद्यार्थियों को बहुत लाभ मिलेगा। अन्य विशिष्ट अतिथियों मे समाज सेवी शकील पठान भी मौजूद रहे। निवारू रोड सेंटर के डायरेक्टर कुलदीप सिंह ने अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया।

## छुपकर किए गए कार्य संकलेषता बढ़ाते हैं, शल्य रहित कार्य करो




**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**

इंदौर। छुपकर किए गए कार्य न केवल पाप की श्रेणी में आते हैं बल्कि जीवन में संकलेषता बढ़ाते हैं और मरण समय तक दुख और शल्य देते हैं। यदि अपनी मृत्यु को मांगलिक एवं महोत्सव बनाना और दुर्गति से बचना है तो जीवन पर्यंत छल रहित, धर्म ,दया और विनय से समन्वित शल्य और आकांक्षा रहित जीवन जीने का पुरुषार्थ करो। यह उद्गार गुरुवार को छोटा बांगडदा रोड स्थित हाई लिंक सिटी में मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज ने दिगंबर जैन मुनि सुब्रतनाथ जिनालय मे निर्मित नूतन वेदी की शुद्धि एवं जिन बिंब विराजमान समारोह में धर्म सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। प्रारंभ में मुनिश्री आदित्य सागरजी, मुनिश्री अप्रमितसागरजी एवं मुनि श्री सहजसागरजी के सानिध्य एवं विधानाचार्य पंडित नितिन झांझरी के निर्देशन में भक्तामर विधान किया गया। आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के चित्र का अनावरण महेंद्र पहाड़िया, डॉक्टर जैनेंद्र जैन, राजेश जैन दद्दू ने किया। दीप प्रज्वलन देवेंद्र सेठी, दिलीप रत्नावत, निकेतन सेठी एवं ललित जैन ने किया। हाइलिंक सिटी महिला मंडल ने मुनि संघ को शास्त्र भेंट किए। समारोह का संचालन अर्पित वाणी ने किया। इस अवसर पर चिराग गोधा, अतिशय सोनी, पारस बड़जात्या, राकेश शाह, मयंक जैन एवं श्रीमती अंकिता जैन श्वेता अजमेरा आदि उपस्थित थे।

सखी गुलाबी नगरी
सखी गुलाबी नगरी
HAPPY Birthday



5 मई
श्रीमति नीतू-मनीष जैन
सखी गुलाबी नगरी जयपुर की सम्मानित सदस्य
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
सारिका जैन अध्यक्ष
स्वाति जैन सचिव
समस्त सखी गुलाबी नगरी जयपुर परिवार

### आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतु का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380
दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com